# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-23.10.2025**

**विषय:- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा चोरी के मामले मे 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, दो अदद एण्ड्राईड फोन व नगद बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 496/25 धारा 305(ए) बीएनएस थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी का नामजद वांछित 01 नफर अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र लालजी नि0 आशापुर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक 23.10.2025 समय करीब 06.00 बजे हिरामनपुर क्रासिंग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 अदद एण्ड्राईड फोन व 500 रुपये नगद बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

1-दिनांक 08.10.2025 को वादी मुकदमा ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल दुकान के टेबल से चुरा ले जाने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र दिया था जिसके आधार थाना सारनाथ पर मु0अ0सं0 474/25 धारा 305(ए) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया।

2-दिनांक 22.10.2025 को वादी मुकदमा ने प्रतिवादी द्वारा वादी का मोबाइल चुरा कर ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके आधार पर थाना सारनाथ पर मु0अ0स0 496/25 धारा-305(ए) बीएनएस अभियोग पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अनिल कुमार पुत्र लालजी नि0 आशापुर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष ।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

दिनांक 23.10.2025 समय करीब 06.00 बजे, हिरामनपुर क्रासिंग से।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

अभियुक्त के कब्जे 01 अदद विवो मोबाइल, 01 अदद सैमसंग मोबाइल, 500/- नकद रुपये बरामद किया गया।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1-मु0अ0स0 496/25धारा 305(ए) बीएनएस थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2-मु0अ0स0 474/25 धारा 305(ए) बीएनएस थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

थानाध्यक्ष शिवानन्द सिसोदिया, उ0नि0 रामरुप यादव, हे0का0 विनोद कुमार, उ0नि0 शिवनाराण, का0 अर्जुन चौधरी, हे0का0 बरखु भारती थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**

**पुलिस उपायुक्त**

**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**